तापमान
अधिकतम 39.2 डिग्री
न्यूनतम 29.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 15 मई 2026

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

14 किसानों को दोहरी मार, तेज धूप में कटाई ..

14 गांवों को बेहतर सड़क सुविधा देना हमारी ...


## खबर संक्षेप

### स्कूल के बोर में लगे पंप का वायर चोरी

**महासमुंद**। शासकीय प्राथमिक शाला धुमाभांठा के बोर में लगे मोटर पंप के वायर की चोरी के मामले में बसना थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को प्रधानपाठक नीरज कुमार दास ने बताया कि 02 मई को सुबह 9 बजे ग्राम धुमाभांठा के आदित्य रंजन कानूनगो फोन करके बताया कि शासकीय प्राथमिक शाला धुमाभांठा के परिसर में स्थित बोरवेल्स में लगे मोटर पंप के केबल वायर लगभग 35 मीटर कीमत 3800 रुपए को कोई अज्ञात व्यक्ति ले गया है। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है

### उमरदा स्कूल से साढ़े तीस हजार के सामानों की चोरी

**महासमुंद**। शासकीय हाईस्कूल उमरदा से साढ़े तीस हजार के सामानों की चोरी का मामला सामने आया है। मामले में प्रभारी प्राचार्य की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया है। पुलिस प्रभारी प्राचार्य पूनम कुमार चंद्राकर पिता देवसिंह चंद्राकर ने बताया कि 13 मई की सुबह बच्चों ने बताया कि स्कूल में चोरी हो गया है। इसके बाद तत्काल स्कूल पहुंचकर जानकारी लेने पर पता चला कि चोरों ने स्कूल के तालों को तोड़कर एलईडी टीवी 32 इंच, प्रिंटर फोटोकापी और स्पीकर साउंड सिस्टम कुल 30500 रुपए की चोरी हुई है। मामले की रिपोर्ट पर धारा 305(ई), 331(4) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### घर से लैपटॉप, इंडक्शन चोरी

**महासमुंद**। वार्ड 15 स्थित एक घर से अज्ञात चोर ने लैपटॉप और इंडक्शन की चोरी कर ली। मामले की रिपोर्ट पर सिटी कोतवाली थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को पवन तिवारी पिता जगदीश चंद्र तिवारी वार्ड नं 15 नीलकंठ चौक दादा वाडा महासमुंद में बताया कि 13 मई की सुबह वह घर से शिवालिक प्लांट मुढ़ेना में काम करने गया था, जहां से रात 09 बजे वापस घर आकर देखा तो घर के मुख्य दरवाजे में ताला नहीं लगा था और घर के अंदर से लैपटॉप कीमत 50,000 और इंडक्शन कीमत 1500 रुपए कुल 51500 रुपए की चोरी अज्ञात व्यक्ति ने कर ली। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया है।

### केपीएल मैच 23 को

**महासमुंद**। ग्राम खरोरा के इंदिरा नगर में 23 मई को केपीएल मैच का रोमांच देखने को मिलेगा इस बीच खरोरा के 6 टीमों के बीच मुकाबला होगा। यह आयोजन सुबह 6:30 शुरू होगा। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने उक्त जानकारी दी।

# घर-घर पहुंच रहे प्रगणक, पहले चरण में बंद मकानों का भी होगा सूचीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले में भी 1 मई से जनगणना-2047 के प्रथम चरण का कार्य आधिकारिक रूप से प्रारंभ हो गया है। इस अभियान के तहत प्रगणक घर-घर जाकर मकानों का सूचीकरण कर रहे हैं और निर्धारित 33 सवालों के जवाब संकलित कर रहे हैं। वर्तमान में पड़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए प्रगणक सुबह के समय ही घरों में दस्तक देकर डेटा जुटाने का प्रयास कर रहे हैं। जिले में जनगणना कार्य के दौरान कई ऐसे मकान मिल रहे हैं जहां ताला लगा हुआ है।

निर्देशों के अनुसार, यदि किसी मकान पर ताला लगा मिलता है, तो भी उसका सूचीकरण अनिवार्य है। प्रगणक ऐसे मकानों की संरचना का विवरण दर्ज कर उनकी नंबरिंग कर रहे हैं। यदि मकान मालिक उपलब्ध नहीं है, तो पड़ोसियों से जानकारी लेने का प्रयास किया जा रहा है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि यदि पूरे गणना माह (मई) के दौरान किसी घर में कोई जानकारी देने वाला नहीं मिलता, तो उसे मोबाइल ऐप में 'हाउस ऑफ यूज' कैटेगरी के तहत वैकेंट (खाली) और सब-कैटेगरी लॉक्ड (बंद) के रूप में दर्ज किया जाएगा। हालांकि, प्रगणकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे ऐसे मकानों की सूची अलग से तैयार करें और मकान मालिकों के वापस आने पर मोबाइल ऐप के डेटा अपडेट विकल्प के जरिए उनकी जानकारी दर्ज करें।

## प्रगणक संकलित कर रहे निर्धारित 33 सवालों के जवाब

### जिले में अभियान की स्थिति

जिले को विभिन्न गणना ब्लॉकों में विभाजित किया गया है, जहां प्रगणक और पर्यवेक्षक मुस्तैद हैं। डेटा संकलन का यह कार्य 30 मई तक पूरा किया जाना है। प्रगणकों द्वारा संकलित किए गए आंकड़े प्रतिदिन शाम तक सिस्टम में अपलोड किए जा रहे हैं। घर-घर जाकर जानकारी लेने से पहले प्रगणक संबंधित क्षेत्र का नक्शा तैयार कर रहे हैं और प्रत्येक मकान को एक विशिष्ट नंबर आवंटित कर रहे हैं। प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे जनगणना कार्य में प्रगणकों का सहयोग करें और सही जानकारी प्रदान करें। यदि कोई परिवार अस्थायी रूप से बाहर है, तो वे अपने पड़ोसियों को आवश्यक जानकारी या संपर्क नंबर दे सकते हैं ताकि सूचीकरण की प्रक्रिया निर्बाध रूप से पूरी हो सके।



### गर्मी और छुट्टियों की चुनौती

मई का महीना होने के कारण और स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश की वजह से बड़ी संख्या में लोग घरों से बाहर हैं। इस कारण प्रगणकों को बंद मकानों की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। जिले के विभिन्न ब्लॉकों में तैनात प्रगणक ऐसे मामलों में फोन नंबर प्राप्त कर निवासियों से दूरभाष पर संपर्क करने की कोशिश कर रहे हैं ताकि ऑनलाइन डेटा समय पर अपडेट किया जा सके।

## आक्रोश : कांग्रेस नेताओं ने कहा पेपर लीक की घटनाओं से टूट रहा छात्रों का मनोबल

# नीट पेपर लीक मामले की एनएसयूआई ने की निंदा, नेहरू चौक पर फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- नेहरू चौक में एनएसयूआई ने विरोध प्रदर्शन किया पुतला दहन, और नारेबाजी

नीट परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर जिला कांग्रेस भवन में आज एनएसयूआई कार्यकर्ताओं की बैठक आहूत की गई। जिसमें एनएसयूआई के राष्ट्रीय एवं प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशानुसार एनएसयूआई जिलाध्यक्ष शाहबाज राजवानी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों द्वारा निंदा प्रस्ताव पारित किया गया तथा कांग्रेस भवन के समक्ष नेहरू चौक में प्रधानमंत्री एवं शिक्षा मंत्री का पुतला दहन कर इस धांधली का विरोध किया गया।



प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे जिला अध्यक्ष शाहबाज राजवानी ने कहा कि नीट परीक्षा में सामने आई अनियमितताओं से लाखों छात्रों का भविष्य दांव पर है। उन्होंने इसे युवाओं के सपनों के साथ खिलवाड़ बताया। पेपर लीक की घटनाओं से मेधावी छात्रों का मनोबल टूट रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार दोषियों को बचाने का प्रयास कर रही है। पुतला दहन के दौरान एनएसयूआई नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि इस मामले में तत्काल निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई नहीं की गई, तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

इस अवसर पर गोविंद साहू, राजू साहू, सुनील चंद्राकर, सचिन गायकवाड़, मनोहर ठाकुर, नीलू साहू, फ़लेंद्र साहू शहर अध्यक्ष एनएसयूआई, कान्हा प्रधान, शादाब खान, आर्यन गिलहरे, रूपेश प्रजापति, लोकेश सेन, मो. तबरेज़, मनीष यादव, मो मकसूद, राकेश मारकम, जितेंद्र साहू, विक्की घृतलहरे, प्रथित बोस, एलन राज, सिद्धरथ, मोहित, संजय, रतन पाल, ललित प्रधान, आयुष भोसले, हेमंत बघेल, डेविड तेलक, निशु मिश्रा, भुनेश्वर दीवान, हेमलाल, कैलाश बघेल उपस्थित रहे।

### नीट पेपर लीक में राजनीतिक मिलीभगत, शिक्षा मंत्री इस्तीफा दें : आम आदमी पार्टी

आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र चंद्राकर ने इसे देश के 23 लाख छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ बताया है। उन्होंने बताया कि 2017, 2021, 2024 और अब 2026 में पेपर लीक, ये अजूबा कैसे हो रहा है? सब मिले हुए हैं। प्रशासन तंत्र को खबर क्यों नहीं लग पाई कि परीक्षा से 42 घंटे पहले ही व्हाट्स एप पर कई प्रश्नपत्र बेचे जा रहे थे।

22 लाख से अधिक बच्चों ने पूरे साल रात-दिन जाग कर पढ़ाई की, और एक ही रात में उनका भविष्य खुलेआम बाजार में नीलाम हो गया। यह पहली बार नहीं है। पिछले 10 बरसों में 89 बार प्रश्नपत्र लीक हुए-48 बार परीक्षा दोबारा हुई। हर बार वही वादे, और फिर वही चुप्पी। सरकार ने आरोपों की व्यापक जांच के लिए मामला सीबीआई को सौंप दिया है। उन्होनें मांग की है कि केंद्रीय शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए तत्काल इस्तीफा दें, सरकार बच्चों को मुआवजा दे और नीट पेपर लीक पर जेपीसी का गठन तुरंत हो।

### भाजपा सरकार युवाओं का भविष्य कर रही बर्बाद



मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी में सामने आई अनियमितताओं को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में देशभर में आयोजित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक, भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के अनेक मामले सामने आए हैं, लेकिन केंद्र सरकार इन पर रोक लगाने में पूरी तरह असफल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा शासन में शिक्षा व्यवस्था अव्यवस्था और भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी है, जिससे मेहनती और प्रतिभाशाली छात्रों का मनोबल टूट रहा है। उन्होंने कहा कि नीट यूजी जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा में गड़बड़ी की खबरें बेहद चिंताजनक हैं। लाखों छात्र-छात्राएं वर्षों तक कठिन परिश्रम और समर्पण के साथ परीक्षा की तैयारी करते हैं, लेकिन जब परीक्षा प्रक्रिया पर ही सवाल खड़े होने लगें तो युवाओं का विश्वास व्यवस्था से उठने लगता है। जिलाध्यक्ष यादव ने केंद्र सरकार से मांग की कि नीट यूजी परीक्षा में हुई कथित अनियमितताओं की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सख्त एवं पारदर्शी परीक्षा प्रणाली लागू की जाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा छात्रों और युवाओं के हितों की आवाज उठाती रही है और आगे भी युवाओं के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## चेन माउंटेन मशीन में अज्ञात व्यक्ति ने लगा दी आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

लाफिन खुर्द के सूखा नदी रेत घाट के ऊपर खेत में खड़ी चेन माउंटेन मशीन में किसी अज्ञात व्यक्ति ने आग लगा दी, वहीं दूसरी चेन माउंटेन में तोड़फोड़ की गई। मामले की रिपोर्ट पर सिटी कोतवाली थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को कुंदन साव निवासी वार्ड नं. 29 आदर्श नगर महासमुंद ने बताया क लाफिन खुर्द रेत घाट का टेंडर शालिनी सिंग के नाम से शासन द्वारा आबंटित किया गया है, जिसका संचालन प्रार्थी द्वारा किया जा रहा है। सूखा नदी लाफिन खुर्द से रेत घाट के ऊपर टाटा हिताची चेन माऊंटिंग मशीन सीरियल नंबर एसपी20-30193 एवं टाटा हिताची सीरियल नंबर एसपी20-65029 को 12 मई की शाम 6 बजे ब्रेक डाउन होने के कारण खेत में खड़ी किया था। अज्ञात व्यक्ति के द्वारा वाहन टाटा हिताची चैन माउंटेन मशीन सीरियल नंबर.एसपी 20-30193 को आग लगाकर पूरी तरह क्षति पहूंचाया है जिससे लगभग 55 लाख 50 हजार रुपए एवं टाटा हिताची सीरियल नंबर एसपी20-65029 के केबिन के शीशा को तोड़फोड़ किया गया है, जिसमें लगभग 50,000 रुपए का नुकसान हुआ है। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 326(एफ) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# पटेवा, बसना व महासमुंद पुलिस ने जब्त की 15 लीटर शराब, तीन आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले के पटेवा, बसना व महासमुंद पुलिस ने अवैध शराब पर कार्रवाई करते हुए 15 लीटर देशी व अवैध महुआ शराब के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई एनएच 53 रोड ग्राम तेंदूवाही पड़ाव के पास, बावनकेरा खट्टा रोड, गढ़फुलझर अपना ढाबा व बनसिवनी में की गई है, जिसमे 5200 रुपए की शराब के साथ 03 आरोपी गिरफ्तार किये गए हैं। इन आरोपियों से कुल 60,200 रुपए की संपत्ति जब्त की गई है।

वहीं पटेवा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एनएच 53 रोड ग्राम तेंदूवाही पड़ाव के पास रेड कार्रवाई करते हुए संदिग्ध मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 06 जीजी 4983 में चालक किशन दास वैष्णव पिता नंदकिशोर वैष्णव उम्र 52 वर्ष साकिन सरेकेल थाना पटेवा जिला महासमुंद के वाहन की डिग्गी में 20 पौवा शोले प्लेन शराब (3600 एम.एल.) कीमत 1600 रु को, अवैध रूप से परिवहन करते पाये जाने पर, मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 06 जीजी 4983 कीमत करीबन 25000 रु सहित जब्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना पटेवा में अपराध धारा अंतर्गत आबकारी एक्ट की कार्रवाई किया गया। इसी पटेवा पुलिस ने मुखबीर से सूचना मिलने पर बावनकेरा खट्टा रोड ग्राम बावनकेरा के पास रेड कार्रवाई करते हुए संदिग्ध मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 04 डी जे 3846 में चालक चंद्रहास बंछोर पिता स्व अशोक बंछोर उम्र 34 वर्ष साकिन खट्टा थाना पटेवा जिला महासमुंद के वाहन की डिग्गी में 30 पौवा शोले प्लेन शराब (5400 एम.एल.) कीमत 2400 रुपए के अवैध रूप से परिवहन करते पाये जाने पर, मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 04 डी जे 3846 कीमत करीबन 30,000 रुपए को जब्त कर आरोपी के विरूध्द थाना पटेवा मे अपराध धारा अंतर्गत आबकारी एक्ट की कार्रवाई कर न्यायिक अभिरक्षा पर भेजा गया। बसना पुलिस को मुखबिर से सूचना पर ग्राम गढफुलझर अपना ढाबा के पास जागेश्वर मिरी पिता रंगीलाल उम्र 30 साल साकिन गढफुलझर के कब्जे से 06 लीटर (6000 एमएल) अवैध महुआ शराब किमती 1200 रुपए को बिक्री करने वास्ते रखे मिला। जिसे जब्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा अंतर्गत आबकारी एक्ट की कार्रवाई किया गया।

# घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़ और दुष्कर्म का प्रयास करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिला पुलिस ने महिला संबंधी अपराध के खिलाफ त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी पर घर में जबरन घुसकर महिला के साथ गाली-गलौज, मारपीट और दुष्कर्म के प्रयास का आरोप है। घटना 13 मई की सुबह करीब 7 बजे की है। पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार, प्रार्थिया अपने घर में पानी भर रही थी। इसी दौरान ग्राम पचरी निवासी सुरेश डोरा (पिता राधेश्याम डोरा) जबरदस्ती महिला के घर में घुस गया। आरोपी ने वहां महिला के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया और उसे जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद आरोपी ने



महिला के साथ दुष्कर्म करने की कोशिश की। पीड़ित महिला द्वारा पटेवा थाने में लिखित आवेदन देने के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार, आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया।आरोपी के विरूद्ध बीएनएस की धारा 64/62 (दुष्कर्म का प्रयास), 296 (अश्लील हरकत), 351(3) (आपराधिक धमकी), 127(2) (गलत तरीके से रोकना), 74, 75(2) और 332(ख) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### आरोपी भेजा गया जेल

मामले की विवेचना के दौरान पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी सुरेश डोरा को उसके निवास ग्राम पचरी से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहाँ से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। महासमुंद पुलिस ने स्पष्ट किया है कि महिलाओं के विरुद्ध होने वाले किसी भी अपराध पर कड़ी और त्वरित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।






## खबर संक्षेप

### सीबीएसई कक्षा बोर्ड परीक्षा 12वीं वेडनर स्कूल के छात्रों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**महासमुंद।** शहर के प्रतिष्ठित वेडनर मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा 2026 में शानदार सफलता प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया है। स्कूल के छात्र-छात्राओं ने वाणिज्य और विज्ञान दोनों संकायों में उत्कृष्ट अंक प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय में शानवीर गुरुदत्ता ने 92.8% अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। रौनक कृष्णानी 91.2% अंक के साथ दूसरे और नोमिका साहू 86.8% अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। विज्ञान संकाय से सिद्धार्थ प्रकाश साहू ने 90.8% अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, श्रेयल चंद्राकर ने 88.6% अंक अर्जित कर द्वितीय स्थान पर एवं जयलक्ष्मी साहू ने 86.4% अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त कर स्कूल का मान बढ़ाया। इसी प्रकार विनय सिन्हा ने योग विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर शाला को गौरवान्वित किया है। विद्यार्थियों की इस अभूतपूर्व सफलता पर शाला के मैनेजर रेव्ह. फादर जार्ज कवालम, प्राचार्य रेव्ह.फादर देवानंद बाघ एवं समस्त शाला परिवार ने हर्ष व्यक्त किया।

### विवि और कॉलेजों में सेमेस्टर परीक्षा का आयोजन एक जून से

**जगदलपुर।** शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के यूटीडी और संबद्ध सभी कॉलेजों में जनवरी से जून 2026 सत्र की सेमेस्टर परीक्षा एक जून से प्रारंभ होगी। विवि द्वारा जारी टाइम टेबल के अनुसार स्नातक, स्नातकोत्तर और डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के विभिन्न सेमेस्टरों की परीक्षा सुबह दस से दोपहर एक बजे तक और दोपहर दो से शाम पांच तक के दो पालियों में होगी। नए-पुराने पाठ्यक्रमों के नियमित एवं स्वाध्यायी (प्रायवेट) के अध्ययनरत उत्तीर्ण, प्रमोटेड, डिटेंड, भूतपूर्व, एटीकेटी स्टूडेंट्स अपनी-अपनी परीक्षाओं की समय सारिणी विवि के वेबसाइट से डाऊनलोड कर सकते हैं, जो विद्यार्थी अभी तक फॉर्म ऑनलाइन नहीं कर पाए हैं, वे 16 मई तक फार्म भर कर संबंधित संस्थान में हार्डकॉपी जमा कर सकते हैं।

**आयोजन : घुंचापाली में हुई पं. दीनदयाल उपाध्यक्ष प्रशिक्षण अभियान की शुरुआत**

# भाजपा के जिला स्तरीय प्रशिक्षण अभियान में बोले जामवाल : कार्यकर्ता ही संगठन की नींव

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान अंतर्गत जिला स्तरीय आवासीय प्रशिक्षण वर्ग की शुरुआत बागबाहरा स्थित चंडी माता मंदिर परिसर घुंचापाली में हुई जिसमें भाजपा के वरिष्ठ नेताओं, जनप्रतिनिधियों एवं जिलेभर से पहुंचे सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए।

जिला प्रशिक्षण वर्ग में रायपुर संभाग सह प्रभारी डॉ. राजीव सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन की विचारधारा, कार्यपद्धति एवं राष्ट्र निर्माण में कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर विस्तार से मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू ने की। अपने स्वागत एवं प्रस्तावना उद्बोधन में उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्रसेवा एवं विचारधारा आधारित संगठन है। प्रशिक्षण महाअभियान का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से सशक्त, अनुशासित एवं संगठन के प्रति समर्पित बनाना है। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की रीति-नीति एवं सेवा भावना को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रहा है।



प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी, सांसद रूपकुमारी चौधरी, रायपुर संभाग सह प्रभारी डॉ. राजीव सिंह, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, वर्गाधिकारी अनिमेष कश्यप (बॉबी), विधायक डॉ. सम्पत अग्रवाल, पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, पूर्व विधायक रामलाल चौहान, प्रीतम सिंह दीवान, परेश बागबाहरा, पूनम चंद्राकर, इंद्रजीत सिंह गोल्डी एवं मोगरा पटेल सहित वरिष्ठ नेताओं द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने कहा कि प्रशिक्षण महाअभियान केवल कार्यक्रमों की श्रृंखला नहीं, बल्कि कार्यकर्ता निर्माण की सतत साधना है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय का "अंत्योदय" एवं "एकात्म मानववाद" भाजपा की कार्य संस्कृति की मूल आधारशिला है। यह प्रशिक्षण वर्ग कार्यकर्ताओं में वैचारिक स्पष्टता, अनुशासन, संगठनात्मक क्षमता एवं कार्यकुशलता का विकास करेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता केवल चुनाव के समय सक्रिय नहीं रहता, बल्कि समाजसेवा एवं राष्ट्रहित के कार्यों में सदैव अग्रणी भूमिका निभाता है। प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी ने कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं।

प्रशिक्षण वर्ग में विभिन्न विषयों पर विशेष सत्र आयोजित किए गए, जिसमें संगठन विस्तार, सेवा कार्य, सोशल मीडिया की भूमिका, बूथ प्रबंधन एवं जनसंपर्क अभियान जैसे विषयों पर वरिष्ठ नेताओं द्वारा विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया। इस अवसर पर विषय विशेषज्ञ के रूप में संदीप शर्मा, डॉ. अवधेश जैन, शशांक शर्मा एवं उपकार चंद्राकर ने भी अपने विषयों पर विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री जितेंद्र त्रिपाठी एवं थानसिंह ने किया। कार्यक्रम में जिलेभर से पहुंचे भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी नवीन कुमार साव एवं सह प्रभारी आनंद साहू द्वारा मीडिया को दी गई।

## पति-पत्नी के खिलाफ मारपीट की शिकायत दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

पटेवा थाना में एक महिला ने पति-पांति के खिलाफ मारपीट की शिकायत दर्ज करायी है, जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। ताहिरा बी पति स्व जहीब मोहम्मद उम्र 50 साल निवासी चांदापारा (पिथौरा) ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया है कि वह आज से करीबन 10-12 वर्षों से अपने मायके ग्राम सिनोधा में अपने बच्चों के साथ रहती है। 5 मई से 10 मई को वह अपने बड़े पिताजी के लड़के मोहम्मद हबीब भाई के घर शादी में गयी थी, घर का दरवाजा बंद था। 10 मई को रात करीबन 10 बजे ताहिरा घर में आकर देखी तो घर के अंदर छोटी बहन जाहिना बेगम और उसका पति छबिराम दीवान थे, जिन्हें ताहिरा ने तुम लोग मुझे बिना पूछे मेरे घर में कैसे घुस गये हो बोली तो तू कौन होती है हम लोगों को बोलने वाली कहकर जाहिना बेगम के साथ आए छबिराम दीवान गाली गलौच करने लगा और जाहिना ने ताहिरा के बाल पकड़कर उसे जमीन में गिरा दिया। दोनों ने मिलकर हाथ मुक्का से मारपीट कर जान से मारने की धमकी भी दी। जब ताहिरा ने अपने बडे पिताजी के बेटे हबीब के घर जाकर झगड़े के संबंध में बताया तो ताहिरा के साथ नब्बू, जंगू, हबीब, शहनाज बेगम गये और जाहिना बेगम को समझाने का प्रयास करने लगे तो छबिराम दीवान ने मेरी पत्नी जाहिना का घर है अब हम दोनों रहेंगे बोलकर नब्बू, जंगू, हबीब, शहनाज बेगम के साथ गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी दी। मारपीट से ताहिरा के दाहिने हाथ की कलाई में तथा सिर में चोट आई है। पुलिस ने मामले की शिकायत के बाद आरोपी जाहिना बेगम और छबिराम दीवान के खिलाफ धारा बीएनएस 115(2), 296, 3(5), 351(3) के तहत अपराध कायम किया है।

## जिलास्तरीय समितियों की बैठक में कलेक्टर ने शासकीय योजनाओं की समीक्षा की

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने शाम जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति, जिला स्तरीय रिव्यू समिति तथा जिला स्तरीय आरसेटी परामर्शदात्री समिति की संयुक्त बैठक लेकर जिले में संचालित बैंकिंग सेवाओं एवं विभिन्न शासकीय योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में वार्षिक जिला साख योजना, सीडी रेशियो, शैक्षिक ऋण, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, डेयरी एवं मत्स्य पालन ऋण प्रकरणों सहित प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, आरबीआई के प्रतिनिधि दीपेश तिवारी, नाबार्ड के प्रबंधक प्रियव्रत साहू, जिला अग्रणी बैंक मैनेजर अभय पारे एवं जिले के अन्य बैंकों के प्रतिनिधि एवं शासकीय अधिकारी मौजूद थे।

बैठक में कलेक्टर लंगेह ने कहा कि कृषि कार्यों से जुड़े हितग्राहियों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप आसान एवं सरलीकृत प्रक्रिया से ऋण उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने सहकारी बैंक एवं छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक को निर्देशित करते हुए कहा कि किसानों के किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) ऋण, छोटे व्यवसायियों के लिए मुद्रा लोन तथा विभिन्न विभागों के माध्यम से संचालित स्वरोजगार योजनाओं के प्रकरणों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने एनआरएलएम अंतर्गत स्व-सहायता समूहों से जुड़े हितग्राहियों के लंबित ऋण प्रकरणों को भी प्राथमिकता के साथ स्वीकृत करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उच्च शिक्षा के लिए महाविद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के आवश्यकता और जरूरत के अनुसार शैक्षिक ऋण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। आरसेटी अंतर्गत ग्रामीण युवकों को अधिक से अधिक रोजगार से जोड़ने आवासीय प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि हितग्राहियों का चयन स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग से किया जाए।

कलेक्टर ने बैंकों को नकद जमा अनुपात 60 प्रतिशत तक बनाए रखने के निर्देश देते हुए कहा कि बैंकिंग सेवाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि बैंक आम नागरिकों को वित्तीय रूप से जागरूक करने के लिए लगातार वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित करें तथा उसका व्यापक प्रचार-प्रसार भी सुनिश्चित करें। साथ ही लोगों को साइबर फ्रॉड से बचाव के उपायों की जानकारी देकर उनकी जमा पूंजी को सुरक्षित रखने के प्रति जागरूक करें।

बैठक में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जन-धन योजना, आधार एवं मोबाइल सीडिंग, रुपे कार्ड वितरण तथा शासन प्रायोजित विभिन्न बैंक ऋण योजनाओं की समीक्षा भी की गई। कलेक्टर लंगेह ने पीएम जनमन योजना के हितग्राहियों के शत-प्रतिशत बैंक खाते खोलने तथा खातों को आधार नंबर से लिंक करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने निर्देश देते हुए कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों को भी सहज बैंकिंग सुविधा उपलब्ध होनी चाहिए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि किसी कारणवश किसी हितग्राही का ऋण प्रकरण स्वीकृत नहीं किया जा सकता है, तो संबंधित बैंक उसे लिखित रूप में कारण सहित जानकारी उपलब्ध कराए। उन्होंने बैंक अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि बैंकिंग कार्यों में पूर्ण पारदर्शिता एवं नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाए तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता या फ्रॉड गतिविधियों से दूर रहें।

बैठक के दौरान राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, पशुपालन, मत्स्य पालन, अंत्यावसायी तथा ग्रामोद्योग विभाग से संबंधित ऋण प्रकरणों के त्वरित निराकरण पर भी विशेष जोर दिया गया। जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक अभय पारे ने विभिन्न आंकड़ों एवं प्रस्तुतिकरण के माध्यम से जिले में बैंकिंग योजनाओं की प्रगति की जानकारी दी।

## जिला सहकारिता एवं उद्योग विकास समिति की बैठक संपन्न

### उपार्जित धान के निराकरण, खाद-बीज भंडारण एवं वितरण की हुई समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिला सहकारिता एवं उद्योग विकास समिति की बैठक समिति की सभापति रामदुलारी सिन्हा की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित हुई। जिसमें कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, उपायुक्त सहकारिता, महाप्रबंधक उद्योग विकास निगम महासमुंद, सहायक खनिज अधिकारी, जिला विपणन अधिकारी, नोडल अधिकारी, सहकारिता विस्तार अधिकारी जिला महासमुंद, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित रायपुर, जिला महासमुंद के समस्त शाखा प्रबंधक तथा जिले की प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के प्रबंधक उपस्थित रहे।



बैठक के दौरान उपार्जित धान के निराकरण एवं अंतिम लेखा मिलान की प्रगति की समीक्षा की गई। सभापति रामदुलारी सिन्हा ने संबंधित अधिकारियों एवं समिति प्रबंधकों को धान खरीदी से संबंधित समस्त प्रक्रियाओं को समय-सीमा में पूर्ण करने तथा लेखा मिलान कार्य में पारदर्शिता एवं सटीकता बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों से जुड़े मामलों में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने सभी विभागों के अधिकारियों को समन्वय के साथ कार्य करते हुए खरीफ सीजन की तैयारियां समय रहते पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने समिति प्रबंधकों से कहा कि किसानों की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाए तथा शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को दिलाएं।

बैठक में आगामी खरीफ सीजन को ध्यान में रखते हुए खाद एवं बीज के भंडारण तथा वितरण व्यवस्था की भी समीक्षा की गई। कृषि विभाग द्वारा फसल अनुरूप खाद के प्रकार एवं निर्धारित मात्रा के संबंध में जानकारी देते हुए समिति प्रबंधकों को निर्देशित किया गया कि किसानों को शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप ही खाद एवं बीज का वितरण किया जाए। अधिकारियों ने कहा कि किसानों को आवश्यक कृषि आदान समय पर उपलब्ध कराना प्राथमिकता है, ताकि खेती-किसानी कार्य प्रभावित न हो। इस अवसर पर सहकारी समितियों की कार्यप्रणाली, कृषि आदान उपलब्धता तथा किसानों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के संबंध में भी चर्चा की गई।



### अस्पतालों में कार्यरत नर्सों का किया गया सम्मान

**महासमुंद।** नर्स डे के अवसर पर मां डिजिटल एक्स-रे एवं पैथोलॉजी सर्विसेस व मां मेडिकल स्टोर के संचालक ललित कुमार चक्रधारी ने जिला अस्पताल तथा बागबाहरा सीएचसी के सभी अलग-अलग वार्ड सर्जिकल वार्ड, मेडिसिन वार्ड, डेलीवरी वार्ड, चाइल्ड वार्ड, इमर्जेंसी वार्डों में जाकर वहां उपस्थित सभी नर्सों का सम्मान गुलाब और मिठाई देकर किया। चक्रधारी ने कहा कि अस्पताल में जो स्टाफ नर्स रहते हैं उनका मरीजों की देखभाल में बड़ा योगदान रहता है। डॉक्टर के इलाज के बाद नर्स का सबसे बड़ा दायित्व रहता है। ऑपरेशन थिएटर से लेकर मरीज के अस्पताल से डिस्चार्ज तक वह मरीज का समय-समय पर ड्रेसिंग दवाइयां एवं उनके भोजन व्यवस्था को ध्यान में रखकर बेहतर सेवा प्रदान करती हैं। नर्स की सेवा अतुलनीय है।

## खरीफ ऋण, धान उठाव और पैक्स कम्प्यूटराइजेशन पर जोर



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित जगदलपुर में प्रधान कार्यालय के निर्देशानुसार मासिक समीक्षा बैठक की गई। 14 मई को प्रातः 11 बजे जिला बस्तर तथा दोपहर 3 बजे दंतेवाड़ा शाखा भवन में दंतेवाड़ा, बीजापुर एवं सुकमा जिले के नोडल अधिकारियों, शाखा प्रबंधकों एवं पर्यवेक्षकों की बैठक हुई। बैठक में वर्ष 2025-26 की मांग वसूली की बैंक एवं समिति स्तर पर समीक्षा करते हुए अल्पकालीन खरीफ ऋण वितरण की प्रगति पर चर्चा की गई। इसके अलावा धान उठाव एवं लेखा मिलान, खाद-बीज भंडारण एवं वितरण, वास्तविक स्टॉक एवं पास मशीन स्टॉक के मिलान संबंधी कार्यों की समीक्षा की गई। साथ ही साथी पोर्टल फेस-11 में एंट्री, पुनर्गठित समितियों को समयबद्ध योजना के तहत क्रियाशील बनाने, पैक्स कम्प्यूटराइजेशन अंतर्गत बैंक मिलान, ऑडिट, रियल टाइम डे-एंड, शाखा एवं समिति निरीक्षण की प्रगति पर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में आधार सीडिंग एवं डीईएएफ फंड अंतर्गत अनक्लेम्ड डिपॉजिट खातों के विरुद्ध पूर्ण किए गए केवाईसी तथा शेष ग्राहकों की सूची प्रेषण की स्थिति की भी समीक्षा की गई।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत जिले के सभी विकासखंडों में शिविर का आयोजन

### कृषि वैज्ञानिकों ने फसलवार संतुलित उर्वरक उपयोग हेतु किसानों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत आज जिले के पांचों विकासखंडों के 10 ग्रामों में शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कृषि तथा अन्य समवर्गीय विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर एवं किसान रथ के माध्यम से विभागीय योजनाओं का प्रचार-प्रचार कार्यक्रम में उपस्थित कृषकों एवं जनप्रतिनिधियों के समक्ष किया गया। शिविर का आयोजन विकासखंड महासमुंद अतर्गत ग्राम मालीडीह एवं जोबा, विकासखंड बागबाहरा अतंर्गत खट्टी एवं परकोम, विकासखंड पिथौरा के ग्राम जघोरा एवं नयापाराकला, विकासखंड बसना अतर्गत मेदनीपुर एवं रूपापाली तथा विकासखंड सरायपाली के ग्राम पझरापाली एवं अरतुंडा में विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



सभी शिविरों में जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में कृषकगण उपस्थित रहे। शिविर में कृषि वैज्ञानिकों द्वारा मृदा स्वास्थ्य कार्ड में फसलवार अनुशंसित मात्रा अनुसार संतुलित उर्वरक के उपयोग के लिए किसानों को जागरूक एवं प्रोत्साहित किया गया एवं किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग प्रोत्साहन हेतु वैज्ञानिक अनुशंसा के आधार पर ई-उर्वरक (टोकन प्रणाली) आधारित उर्वरक वितरण व्यवस्था के बारे में विस्तार से बताया गया। तथा डी.ए.पी.के विकल्प के रूप में अन्य रासायनिक उर्वरक जैसे - नैनो डीएपी. नैनो यूरिया 12:32:16, 20:20:13 एवं एसएसपी के उपयोग के संबंध में कृषकों को बताया गया। हरीखाद, जैव उर्वरक, नीलहरित काई, केंचुआ खाद आदि के उपयोग से न केवल भूमि की दशा में सुधार होता है अपितु उत्पादकता वृद्धि भी होती है। शिविर में उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा किसानों से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, केसीसी, एग्रीस्टैक से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए। जिसमें से कुछ आवेदनों का निराकरण शिविर स्थल पर ही मौके पर किया गया तथा शेष आवेदनों का शीघ्र निराकरण किया जाएगा।



### दिल्ली की मोबाइल लाइब्रेरी में पहुंचीं छत्तीसगढ़ पर्यटन और संस्कृति पर आधारित पुस्तकें

**महासमुंद।** पंजाब नेशनल बैंक के पूर्व जनरल मैनेजर एवं लेखक बिष्णु मोहन पांडा द्वारा लिखित छत्तीसगढ़ पर्यटन, संस्कृति एवं जनजातीय जीवन पर आधारित पुस्तकों को दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी की मोबाइल लाइब्रेरी सेवा में शामिल किया गया है। इस अवसर पर दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी के वरिष्ठ पुस्तकालय अधिकारी एवं अन्य सरकारी अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अधिकारियों ने कहा कि इन पुस्तकों के माध्यम से दिल्लीवासियों को छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, पर्यटन स्थलों, लोक परंपराओं तथा जनजातीय जीवन को जानने और समझने का अवसर मिलेगा।
दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी द्वारा संचालित 5 मोबाइल लाइब्रेरी बसों के जरिए ये पुस्तकें दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों तक पहुंचेंगी। इससे बड़ी संख्या में पाठकों को छत्तीसगढ़ के इतिहास, संस्कृति और पर्यटन संबंधी जानकारी प्राप्त होगी। लेखक बिष्णु मोहन पांडा ने कहा कि छत्तीसगढ़ अपनी प्राकृतिक सुंदरता, सांस्कृतिक विविधता और जनजातीय परंपराओं के लिए देशभर में विशेष पहचान रखता है। उन्होंने विश्वास जताया कि इन पुस्तकों के माध्यम से लोगों में छत्तीसगढ़ पर्यटन के प्रति रुचि बढ़ेगी और राज्य को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिलेगी। यह पहल छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक और पर्यटन संभावनाओं को देशभर में प्रचारित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# जिले में पेट्रोल, डीजल एवं गैस की उपलब्ध, सुचारू रूप से हो रहा वितरण

## जिला प्रशासन ने की उपभोक्ताओं से अफवाहों से बचने की अपील, प्रभारी खाद्य अधिकारी ने दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में पेट्रोल, डीजल एवं गैस की उपलब्धता सामान्य एवं सुचारू होने की जानकारी देतचे हुए डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी खाद्य अधिकारी तेजपाल सिंह ध्रुव ने बताया कि जिले में आईओसीएल कंपनी के 35, बीपीसीएल कंपनी के 29 एवं एचपीसीलए के 40 पेट्रोल/डीजल पंप संचालित है। जिसमें आईओसीएल कंपनी के 35 ऑयल वितरकों द्वारा जिले में प्रतिदिन पेट्रोल 15 केएल एवं डीजल 28 केएल का दैनिक विक्रय किया जाता है, जिले में उक्त कंपनी के पास वर्तमान में पेट्रोल का स्टॉक 270 केएल एवं डीजल का स्टॉक 240 केएल उपलब्ध है, जो कि पेट्रोल 15 दिवस हेतु एवं डीजल 8 दिवस हेतु पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। बीपीसीएल कंपनी के 29 ऑयल वितरकों द्वारा जिले में प्रतिदिन पेट्रोल 29 केएल एवं डीजल 57 केएल का दैनिक विक्रय किया जा रहा है, उक्त कंपनी के पास वर्तमान में पेट्रोल का स्टॉक 225 केएल एवं डीजल का स्टॉक 278 केएल उपलब्ध है जो कि पेट्रोल 8 दिवस हेतु एवं डीजल 5 दिवस हेतु पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। इसी प्रकार एचपीसीएल कंपनी के 40 ऑयल वितरकों द्वारा जिले में प्रतिदिन पेट्रोल 42 केएल एवं डीजल 58 केएल का दैनिक विक्रय किया जाता है, जिले में उक्त कंपनी के पास वर्तमान में पेट्रोल का स्टॉक 312 केएल एवं डीजल का स्टॉक 365 के एल उपलब्ध है जो कि पेट्रोल एवं डीजल 7 दिवस हेतु पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। इस प्रकार जिले में दैनिक पेट्रोल की खपत 86 के एल के विरुद्ध 807 के एल का स्टॉक मौजूद है जो कि जिले में लगभग 9 दिन हेतु पर्याप्त है। वहीं जिले में दैनिक डीजल की खपत 143 केएल के विरुद्ध 883 के एल का स्टॉक मौजूद है जो कि जिले में लगभग 6 दिन हेतु पर्याप्त है। इस प्रकार जिले में मांग एवं दैनिक खपत अनुसार पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल एवं डीजल का स्टॉक उपलब्ध है एवं ऑयल कंपनी द्वारा सतत उपलब्धता सुनिश्चित किया जा रहा है।

**जिले में गैस सिलेंडर का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध**

प्रभारी खाद्य अधिकारी ध्रुव ने बताया कि शासन एवं कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिले में एलपीजी घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति दैनिक आवश्यकता एवं उपलब्धता के संबंध में प्रतिदिन समस्त गैस एजेंसियों से दैनिक रिपोर्ट विभाग द्वारा प्राप्त किया जा रहा है। गैस एजेंसियों से प्राप्त जानकारी अनुसार जिले में गैस सिलेंडर का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है तथा जिले में गैस सिलेंडर की बुकिंग अनुरूप सुचारू रूप से डिलीवरी में संचालित है व किसी प्रकार की बाधा नहीं है। सप्लाई प्लांट से किसी प्रकार की स्टॉक उपलब्धता में समस्या नहीं है। गैस एजेंसियों से प्राप्त जानकारी अनुसार वर्तमान में जिले में लगभग प्रतिदिन औसतन 1378 सिलेंडरों की डिलीवरी की जा रही है तथा 14 मई की स्थिति में गैस एजेंसियों के पास लगभग 1716 सिलेंडरों का ओपनिंग स्टॉक उपलब्ध था एवं उक्त तिथि को 2454 सिलेंडर सप्लाई प्लांट से सप्लाई कराया गया है, इस प्रकार 14 मई की स्थिति में कुल 4170 सिलेंडरों का स्टॉक गैस एजेंसियों के पास उपलब्ध है। वर्तमान में जिले में गैस सिलेंडर की मांग अनुसार सुचारू रूप से उपलब्धता एवं वितरण जारी है।

## खबर संक्षेप

### गढ़िया में लगी जनचौपाल समस्याएं निराकृत

**जगदलपुर।** ग्राम पंचायत गढ़िया में सरपंच एवं पंचगणों की उपस्थिति में जनचौपाल लगाई गई, जहां समस्याओं का निराकरण किया गया। सरपंच भरत कश्यप ने कहा कि हम मिलकर जागरूकता के साथ सरकारी योजनाओं का फायदा भविष्य के लिए उठा सकते हैं। समस्याओं का हल बातचीत से किया जा सकता है यह लगातार होते रहना चाहिए। ग्रामीणों ने चौपाल में राशन, रोजगार, आवास के साथ अन्य समस्याओं को खुलकर सामने रखा। इस अवसर पर सरकारी योजनाओं से जुड़े विषयों में आ रही कठिनाइयों को हल करने के साथ योजनाओं को लेकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया।

### सेमेस्टर परीक्षा के लिए आवेदन लिए जाएंगे 16 तक

**जगदलपुर।** शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर द्वारा वर्ष 2025-26 के जनवरी से जून सत्र की सेमेस्टर परीक्षा के लिए ऑनलाईन फॉर्म भरने की तिथि में पुनः बढ़ोतरी की गई है। स्नातक, स्नातक और डिप्लोमा के विभिन्न कक्षाओं के स्टूडेंट्स सौ रूपए विलंब शुल्क के साथ अब 16 मई तक फार्म ऑनलाइन कर सकते हैं। आवश्यक दस्तावेज के साथ ऑनलाइन प्रिंट अंतिम दिन शनिवार तक ही संबंधित संस्थान में जमा लिए जाएंगे।

# नगरीय क्षेत्रों के आवासहीनों को मिलेगा पट्टा अधिकार अधिनियम 2023 का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



राज्य के नगरीय निकाय क्षेत्रों में आवासहीन पात्र व्यक्तियों को पट्टा प्रदान किया जाएगा। इसके लिए सर्वे कार्य जल्द शुरू होंगे। इस संबंध में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने जारी विज्ञप्ति में बताया है कि छत्तीसगढ़ नगरीय क्षेत्रों में आवासहीन व्यक्ति को पट्टा अधिकार अधिनियम, 2023 एवं इसके अंतर्गत निर्मित नियम, 2023 के तहत स्थायी पट्टा विलेख एवं अस्थायी पट्टा विलेख के प्ररूप विहित किये गये हैं। इस अधिनियम के तहत पट्टे के लिए वे व्यक्ति पात्र होंगे जो नगर पालिक निगम क्षेत्र में 600 वर्गफीट पर तथा अन्य निकायों में 800 वर्गफीट शासकीय भूमि पर 20 अगस्त, 2017 के पूर्व से निवासरत हैं। इसके लिए नगरीय क्षेत्रों में आवासहीन व्यक्तियों को पट्टा वितरण के लिए निर्धारित समय-सीमा में पात्र व्यक्तियों का सर्वेक्षण करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा है कि शहरी आवासहीनों को स्वयं के पक्का आवास का पट्टा दिया जाना है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा नगरीय क्षेत्रों में शासकीय भूमि पर 20 अगस्त 2017 से लगातार काबिज आवासहीन व्यक्तियों को शासकीय भूमि का निःशुल्क पट्टा 30 वर्षों के लिए दिया जाएगा। भूमि पर काबिज के सत्यापन के संदर्भ में निर्वाचन आयोग की मतदाता सूची विद्युत बिल, टेलीफोन बिल, स्थानीय निकाय का संपत्तिकर या समेकित कर पंजी, जलकर भुगतान दस्तावेज, भवन या दुकान अनुज्ञा, अधिनियम के अधीन प्रदत्त पट्टाधृति पट्टे, आधार कार्ड या ड्राइविंग लाइसेंस शामिल है।

**अधिक से अधिक गरीब लोगों को मिले पट्टा**

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने मैदानी क्षेत्र में सर्वे करने वाले अधिकारी कर्मचारी से कहा है कि छत्तीसगढ़ शासन की मंशा अधिक से अधिक गरीब लोगों को नियम शर्तों के अधीन पट्टा प्रदान करने की है। इसमें इस बात का ध्यान विशेष रूप से रखा जाए की कोई भी पात्र व्यक्ति हितग्राही शासन की इस योजना से वंचित ना हो। उन्होंने अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभ दिलाने के लिए कहा है नगर के समस्त 30 वार्डों का गहन सर्वे कर शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा पर पात्र हितग्राहियों की सूची बनाकर अपना प्रतिवेदन आवश्यक रूप से प्रस्तुत करें।



### महिलाओं को दिया गया स्वरोजगार का प्रशिक्षण

**बागबाहरा।** शहर के वार्ड न. 08 में असूराइज कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन एंड मैनेजमेंट द्वारा स्कील इंडिया अंतर्गत आत्मनिर्भर स्वरोजगार प्रशिक्षण शिविर संपन्न हुआ। जिसमें बेसिक कंप्यूटर प्रशिक्षण, सिलाई प्रशिक्षण, ब्यूटीपार्लर प्रशिक्षण, टैली प्रशिक्षण, केक, डीसीए. प्रशिक्षक एवं सुपरवाइजर प्रभा लहरे, अरविंद लहरे द्वारा दिया गया। ग्रामीण क्षेत्र के युवक-युवती वा महिलाएं प्रशिक्षण में सामिल हुए 90 घंटे 45 दिन तक का प्रशिक्षण संपन्न होने के बाद भारत सरकार मान्यता प्राप्त प्रमाणपत्र भी दिया गया। असूराइज कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन एंड मैनेजमेंट के संचालक प्रेम निराला ने बताया कि पिथौरा महासमुंद अंतर्गत ग्रामीण युवाओं को सफल उद्यमी बनाकर उन्हें सशक्त बनाना होगा। जिसका लक्ष्य वित्तीय स्थिरता में सुधार लाना है। ये पाठ्यक्रम, प्रशिक्षण और दीर्घकालिक मार्गदर्शन प्रदान करते हैं ताकि वे स्थायी, स्वरोजगार उद्यमशीलता को बढ़ावा दे सकें।

# जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष ने किया शाखाओं का निरीक्षण

**झलप।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक रायपुर के अध्यक्ष निरंजन सिन्हा और उपाध्यक्ष अभिनेश कश्यप महासमुंद जिले के दौरे पर जिले के सभी शाखाओं का निरीक्षण एवं समीक्षा की गई, इसमें उनके द्वारा किसानों के ऋण वितरण, खाद एवं बीज वितरण, ऋण वसूली के संबंध आवश्यक दिशानिर्देश दिए गए



अपने प्रवास के दौरान ग्राम छिंदौली में राधा कृष्ण स्व सहायता समूह व जय मां कर्मा स्व सहायता समूह को दो-दो लाख का ऋण वितरण किया गया, रायतुम सुसाइटी के प्रवास के दौरान कछारडीह निवासी को गौ पालन हेतु संतुराम यादव के हेतु एक लाख 71 हजार और चैतराम केवर्त को एक लाख 14 हजार रुपए, सरायपाली ब्लॉक के ग्राम चिवराकुटा के कृषक अश्वनी बारीक को जेसीबी के लिए तीस लाख रुपए का वितरण किया गया। इस दौरान समस्त सोसाइटी के अध्यक्ष गण उपस्थित थे।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पोंडिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेजर मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

PRATIBHA PUBLIC SCHOOL, BALSI, SARAIPALI
(CBSE SENIOR SECONDARY SCHOOL)
Dist: Mahasamund (Chhattisgarh) Pin-493558
AFFILIATED TO CBSE NEW DELHI, AFFILIATION NO. 3330252, School Code-15193

CBSE AISSCE (CLASS XII) RESULT -2026
Hearty Congratulations to All Our Achievers




ADMISSION OPEN
FOR THE SESSION: 2026-27
CLASSES: NURSERY to IX & XI
FUTURE READY SCHOOLS
OUR PREMIUM FACILITIES:
24x7 CCTV CAMERA
HOSTEL
SCHOOL BUS
CONTACT US: 9111107321, 9111107273
E-mail:ppsbalsi@gmail.com

## खबर संक्षेप

### जिले के 4 उर्वरक विक्रेताओं पर एफआईआर दर्ज करने के निर्देश

महासमुंद। जिले के 4 उर्वरक विक्रेताओं को अनियमित रूप से यूरिया उर्वरक वितरण करने के कारण उप संचालक कृषि एफआर कश्यप ने उर्वरक निरीक्षक बागबाहरा एवं उर्वरक निरीक्षक सरायपाली को संबंधित फर्मों मेसर्स राजेश अग्रवाल सरायपाली, मेसर्स ओम फर्टिलाइजर सरायपाली, आरएस ट्रेडर्स बागबाहरा एवं जय मां भीमेश्वरी ट्रेडर्स सुनसुनिया के प्रोपराइटर के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। उक्त फर्मों द्वारा अनियमित रूप से 16 मार्च 2026 से 29 मार्च 2026 तक यूरिया उर्वरक का वितरण किया गया था। पूर्व में भी अनियमित रूप से यूरिया उर्वरक वितरण करने के कारण जिले के 26 निजी उर्वरक विक्रेताओं के लाईसेंस 21 दिवस के लिये निलंबित किया गया था। कलेक्टर विनय लंगेह के निर्देशानुसार जिले में पॉस मशीन से ही उर्वरक वितरण के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा है कि गड़बड़ी करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उप संचालक कृषि एफआर कश्यप ने कहा कि वे अपने रकबे के अनुसार एवं पॉस मशीन के माध्यम से ही उर्वरकों की खरीदी करे एवं उर्वरक क्रय करते समय दुकानदार से बिल अवश्य ले तथा जो निजी विक्रेता ज्यादा कीमत पर यूरिया, डीएपी एवं अन्य उर्वरकों का विक्रय करे उसकी शिकायत संबंधित विकासखंड के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) तहसीलदार, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी से करें।

### 93.4% अंक लाकर अदिति ने बढ़ाया मान

**महासमुंद**। शहर के क्लब पारा निवासी प्रतिभाशाली छात्रा



अदिति तिवारी ने सीबीएसई 12वीं परीक्षा 2026 में 93.40% अंक प्राप्त कर अपने परिवार, शिक्षकों और विद्यालय को गौरवान्वित किया है। अदिति ने कक्षा 11वीं एवं 12वीं की शिक्षा एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा से प्राप्त की और अपनी मेहनत, अनुशासन तथा निरंतर प्रयासों के चलते यह सफलता हासिल की। अदिति ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी माता रुपाली तिवारी एवं पिता उत्तम कुमार तिवारी को देते हुए कहा कि माता-पिता का विश्वास और सहयोग ही उनकी सबसे बड़ी ताकत रही। उन्होंने अपने दादा राजा बाबू तिवारी एवं दादी गीता तिवारी के आशीर्वाद को भी अपनी सफलता का महत्वपूर्ण आधार बताया।

# किसानों को दोहरी मार, तेज धूप में कटाई, औने-पौने दाम में बेचने मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

इन दिनों क्षेत्र में भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप का प्रकोप जारी है, जिससे आम जनजीवन व्याकुल है। इसी कड़ी धूप के बीच किसान अपने रबी धान की फसल की कटाई और मिंजाई के काम में जुटे हुए हैं। जैसा कि तस्वीर में देखा जा सकता है, कोठार में ढेर लगे हुए हैं और किसान उसे बोरियों में भरने की मशक्कत कर रहे हैं। जेठ माह का आधा पखवाड़ा बीतने के साथ ही तापमान में भारी बढ़ोतरी हुई है, जिससे किसानों को खुले आसमान के नीचे काम करने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कड़ी मेहनत से तैयार की गई रबी धान की फसल को किसान उचित भाव न मिलने के कारण कम दाम यानी 1600 से 1700 रुपये क्विंटल पर बेचने के लिए विवश हैं। पर्याप्त सरकारी खरीद केंद्रों या उचित विपणन व्यवस्था के अभाव में बिचौलिए सक्रिय हैं, जिसका सीधा नुकसान छोटे और सीमांत किसानों को उठाना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि एक तरफ मौसम की मार और दूसरी तरफ फसल का सही मूल्य न मिलना, उनकी कमर तोड़ रहा है। विडंबना यह है कि सीमा से लगे पड़ोसी राज्य ओडिशा में वहां की सरकार रबी धान को निर्धारित समर्थन मूल्य पर खरीदी कर रही है, जबकि छत्तीसगढ़ में भी डबल इंजन की सरकार होने के बावजूद किसानों को सही दाम नहीं मिल पा रहा है। क्षेत्र के किसानों कहना है कि धान का वाजिब दाम नहीं मिलने के कारण उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। क्षेत्र में कोचिये और बिचौलिए सक्रिय हैं, जो किसानों की मजबूरी का फायदा उठाकर कम दाम पर धान खरीद रहे हैं।

**रबी धान की फसल की कटाई और मिंजाई के काम में जुटे किसान**



**ओडिशा मॉडल की चर्चा**

क्षेत्र के किसानों का कहना है कि ओडिशा सरकार द्वारा रबी धान फसल को समर्थन मूल्य पर यानी 3100 सौ क्विंटल की दर से भुगतान कर रही है। वहां के किसान खुशहाल हैं। वहीं, छत्तीसगढ़ में रबी सीजन में सरकारी खरीदी की स्पष्ट व्यवस्था नहीं होने से किसान खुद को ठगा सा महसूस कर रहे हैं।

**चेन हार्वेस्टर की मांग बढ़ी**

दूसरी ओर क्षेत्र में बीते दिनो अंधड़ के साथ बारिश होने के बाद खेतों में नमी है, जिसके चलते चेन हार्वेस्टर से कटाई की जा रही है। खेतों में अत्यधिक नमी और कीचड़ होने के कारण अब किसानों के बीच 'चेन हार्वेस्टर' की मांग बढ़ गई है।

## कार्यक्रम: चिंगरौद-हथखोज मार्ग निर्माण कार्य का विधायक ने किया भूमिपूजन

# गांवों को बेहतर सड़क सुविधा देना हमारी सरकार की प्राथमिकता : योगेश्वर सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बुधवार को विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने चिंगरौद - हथखोज मार्ग एवं पुलिया निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। विधि विधान से भूमिपूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस मार्ग के निर्माण से आवाजाही में काफी सुगमता होगी। ग्रामीणों के साथ साथ महासमुंद और गरियाबंद आवागमन करने वालों को भी इसका लाभ मिलेगा।

इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि यह मार्ग आगे गरियाबंद जिले को जोड़ती है। साथ ही काफी समय से इस मार्ग के लिए ग्रामीणों द्वारा मांग की जा रही थी। खासकर बरसात के दिनों में आवागमन में समस्याओं का सामना करना पड़ता था। इसके साथ ही ग्राम बम्हनी में श्रावण मास में बम्हनेश्वर महादेव मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ती है। गरियाबंद क्षेत्र से भी शिवभक्त बम्हनी आते हैं, मार्ग निर्माण से उन्हें भी सुगमता होगी। आगे कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में गांव के पहुंच मार्गों के साथ आंतरिक सड़कों का निर्माण भी किया जा रहा है। इससे बारिश में होने वाली आवागमन की समस्याओं से ग्रामीणों को छुटकारा मिल रहा है। राज्य सरकार अनेक विकास कार्य कर रही है। केंद्र एवं राज्य में डबल इंजन की सरकार अनेक लोक कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है, जिसका लाभ आमजन तक पहुंच रहा है। राज्य में सुशासन के संकल्प को पूरा करने के लक्ष्य के साथ काम शुरू किया गया है।

जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, ग्रामीण मंडल महामंत्री साजन यादव, वरिष्ठ भाजपा नेतागण रमेश साहू, श्याम साकरकर, राजेंद्र चंद्राकर, पीयूष साहू, दिनेश रूपरेला, अभिषेक पांडे, सोसायटी अध्यक्ष नामदेव साहू, रामेश्वर पांडे, बम्हनी सरपंच रूपा घनश्याम ध्रुव, चिंगरौद सरपंच छेरकू धीवर, बरोंडाबाजार सरपंच लेखराज साहू अन्य जनप्रतिनिधिगण शंकर सोनी, मनीष यादव, मासूम पांडे, उत्तम साहू, खिलावन यादव, दीपक साहू सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।




विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सुशासन सरकार में किसी भी वर्ग को वंचित नहीं रखा जा रहा है। मजदूर, किसान, व्यापारी, सरकारी कर्मचारी सभी वर्गों के लिए कार्य हो रहे हैं। आगे कहा कि राज्य एवं केंद्र दोनों में भाजपा की सरकार होने के कारण डबल इंजन की सरकार कार्य कर रही है। पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार में केंद्र की योजनाओं का लाभ राज्य के लोगों तक पहुंचने में काफी समस्या हो रही थी। अब डबल इंजन की सरकार के चलते प्रदेश के अंतिम छोर के व्यक्ति तक एक-एक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है।

## सुशासन तिहार समाधान शिविर में ग्रामीणों की उमड़ी भीड़



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम केना हाई स्कूल में आयोजित सुशासन तिहार 2026 समाधान शिविर में ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी और जनसमस्याओं का अंबार देखने को मिला। शिविर में 18 ग्राम पंचायतों के लोगों ने अपनी विभिन्न समस्याओं, मांगों और शिकायतों को लेकर प्रशासन के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किए। शिविर के दौरान कुल 1295 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 1285 मांग संबंधी तथा 10 शिकायत संबंधी आवेदन शामिल रहे। बड़ी संख्या में प्राप्त आवेदनों से ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं और योजनाओं से जुड़ी समस्याएं सामने आईं। समाधान शिविर में विकासखंड स्तर के विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने ग्रामीणों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। शिविर में सड़क, पेयजल, बिजली, प्रधानमंत्री आवास, राशन कार्ड, पेंशन, मनरेगा, राजस्व प्रकरण, भूमि सीमांकन, स्वास्थ्य एवं शिक्षा से संबंधित समस्याओं को लेकर लोगों ने आवेदन सौंपे। अधिकारियों द्वारा प्राप्त आवेदनों को ऑनलाइन दर्ज कर संबंधित विभागों को समय-सीमा में निराकरण के लिए भेजा गया। प्रशासन ने लोगों को आश्वस्त किया कि सभी आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निराकरण किया जाएगा। शिविर में छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य सरला कोसरिया, जनपद पंचायत सरायपाली की अध्यक्ष लक्ष्मी हरिशचंद्र पटेल, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र (मुकेश) चौधरी, जिला पंचायत सदस्य लोकनाथ वारी, जनपद सदस्य कुमारी भास्कर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### स्वामी विवेकानंद के विचारों को अपनाएं युवा

**महासमुंद**। मेरा युवा भारत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार एवं शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के जिला युवा अधिकारी वसुंधरा साहू के निर्देशानुसार युवाओं का जागरूकता कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को विज्ञान, तकनीकी एवं नवाचार के प्रति प्रोत्साहित करना तथा उन्हें भविष्य की तकनीकी चुनौतियों के लिए तैयार करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा युवाओं के प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार आज भी युवाओं को आत्मनिर्भरता, ज्ञान और तकनीकी विकास की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में निलेश कुमार सिन्हा, परमेश्वर एवं भूपेंद्र उपस्थित रहे। वहीं अशोक चक्रधारी ने युवाओं को संबोधित करते हुए तकनीकी क्षेत्रों में कौशल विकास एवं नवाचार के महत्व पर प्रकाश डाला।, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर छात्र-छात्राओं के लिए रंगोली एवं क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिताओं के परिणाम इस प्रकार रहे- रंगोली प्रतियोगिता, परमेश्वरी रूप - प्रथम स्थान, गरिमा - द्वितीय स्थान .संगीता - तृतीय स्थान, क्विज प्रतियोगिता पीहू साहू - प्रथम स्थान, वीरेंद्र कुमार - द्वितीय स्थान, रंजना देवांगन - तृतीय स्थानविजेता प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र, पुरस्कार एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शिव साहू, एस. कुमार साहू, प्रभा चक्रधारी, राजेश कनौजे सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे, जिनकी सहभागिता से कार्यक्रम सफल रहा।

## जल संरक्षण की दिशा में बड़ी पहल; बहेरा भांठा तालाब गहरीकरण का कार्य जारी, राटापाली और बहेराभांठा गांव के श्रमिक नरेगा कार्य मे जुटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा



जनपद पंचायत बागबाहरा के अर्तगत ग्राम पंचायत राटापाली के आश्रित ग्राम बहेरा भांठा में जल स्तर को सुधारने और ग्रामीणों को रोजगार प्रदान करने के उद्देश्य से महात्मा गांधी नरेगा के तहत तालाब गहरीकरण का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है इस परियोजना के लिए शासन द्वारा 9.96 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है।

वर्तमान में भीषण गर्मी और गिरते जल स्तर को देखते हुए इस तालाब का गहरीकरण अत्यंत आवश्यक कार्य शुरू होते ही गांव के जॉब कार्ड धारी श्रमिक उत्साह के साथ तालाब खुदाई के कार्य में जुट गए हैं। इस कार्य से न केवल भविष्य में जल संकट से निजात मिलेगी, बल्कि मनरेगा के तहत ग्रामीणों को उनके गांव में ही रोजगार मिल रहा है।

इस पंचायत के रोजगार सहायिका डालेश्वरी पटेल ने बताया की प्रशासकीय स्वीकृति 9.96 लाख रुपये की लागत से होने वाले कार्य तालाब की क्षमता बढ़ने से क्षेत्र के मवेशियों और निस्तारी के लिए पानी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित होगी।

# राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की हुई समीक्षा, अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय महासमुंद में आज विभागीय वार्षिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई. नागेश्वर राव द्वारा की गई। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. गुप्ता, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वी.पी. सिंह, डॉ. छत्रपाल चंद्राकर, जिला कार्यक्रम प्रबंधक नीलू धृतलहरे, सभी विकासखंड से खंड चिकित्सा अधिकारी, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक, विकासखंड लेखा प्रबंधक, जिला सलाहकार एवं विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

समीक्षा बैठक में स्वास्थांक (50 पॉइंट इंडिकेटर), मातृ स्वास्थ्य, परिवार नियोजन, नियमित टीकाकरण, विशेष नवजात शिशु देखभाल इकाई, पोषण पुनर्वास केंद्र, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, एनीमिया मुक्त भारत, सिकल सेल, राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम, कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम, वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम, राष्ट्रीय अंधत्व नियंत्रण कार्यक्रम, गैर संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम, राष्ट्रीय मुख स्वास्थ्य कार्यक्रम, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, टेली परामर्श,



डायलिसिस सेवाएं, वित्तीय प्रगति एवं आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना सहित अन्य कार्यक्रमों की समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आरसीएच पोर्टल में 100 प्रतिशत एंट्री सुनिश्चित की जाए तथा यू-विन पोर्टल में सभी टीकाकरण सत्रों को नियमित रूप से ऑनगोइंग कर अपडेट किया जाए। टीकाकरण कार्यक्रमों की ऑनलाइन रिपोर्टिंग में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश भी दिए गए। इसके साथ ही विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों से संबंधित लंबित भुगतानों का निराकरण अधिकतम 7 दिवस के भीतर करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए। बैठक में पोषण पुनर्वास केंद्र में गंभीर कुपोषित बच्चों की पहचान कर उन्हें भर्ती कराने एवं समुचित उपचार उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया। मैदानी स्वास्थ्य अमले को कुपोषण प्रभावित बच्चों तक पहुंच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राव ने कहा कि जिले में संचालित सभी स्वास्थ्य कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन शासन की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नियमित मॉनिटरिंग, समयबद्ध रिपोर्टिंग एवं जनसामान्य तक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुंचाने हेतु गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान: जनजागरूकता एवं शिविरों का आयोजन

## किसानों को दी गई आधुनिक खेती, संतुलित उर्वरक उपयोग एवं शासकीय योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में विकसित कृषि संकल्प अभियान एवं सुशासन तिहार के अंतर्गत 13 मई को जिले के पांचों विकासखंडों के 10 ग्रामों में व्यापक जनजागरूकता एवं समाधान शिविरों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत विकासखंड महासमुंद के ग्राम नरतोरा एवं ढांक, विकासखंड बागबाहरा के ग्राम आंवराडबरी एवं जामली, विकासखंड पिथौरा के ग्राम बरनईदादर एवं गढ़बेड़ा, विकासखंड बसना के ग्राम भौना एवं मेदापाली तथा विकासखंड सरायपाली के ग्राम केना एवं सिरपुर में शिविर आयोजित किए गए।

शिविरों में कृषि विभाग सहित अन्य समवर्गीय विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर विभागीय योजनाओं की जानकारी किसानों एवं जनप्रतिनिधियों को दी गई। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष किसान तथा ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कृषि वैज्ञानिकों एवं विभागीय अधिकारियों ने किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड के अनुसार फसलवार संतुलित उर्वरक उपयोग के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। किसानों को वैज्ञानिक अनुशंसा के आधार पर ई-उर्वरक (टोकन प्रणाली) आधारित उर्वरक वितरण व्यवस्था के संबंध में भी जागरूक किया गया। अधिकारियों



ने किसानों को डीएपी के विकल्प के रूप में नैनो डीएपी, नैनो यूरिया, 12:32:16, 20:20:13 तथा एसएसपी जैसे वैकल्पिक उर्वरकों के उपयोग की जानकारी दी। साथ ही हरी खाद, जैव उर्वरक, नीलहरित काई एवं केंचुआ खाद जैसे जैविक उपायों को अपनाने से भूमि की उर्वरा शक्ति एवं उत्पादकता बढ़ाने के संबंध में भी विस्तार से बताया गया।

शिविरों में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड तथा एग्रीस्टैक से संबंधित आवेदन भी प्राप्त किए गए। प्राप्त आवेदनों में से कुछ आवेदनों का निराकरण शिविर स्थल पर ही किया गया, जबकि शेष आवेदनों के त्वरित निराकरण का आश्वासन संबंधित अधिकारियों द्वारा दिया गया। कार्यक्रम के माध्यम से किसानों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक खेती अपनाने, संतुलित उर्वरक उपयोग करने तथा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया।

विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत कृषि विभाग द्वारा किसान रथ के माध्यम से जिले के सभी विकासखंडों के चयनित ग्रामों में पहुंचकर किसानों को आधुनिक एवं उन्नत कृषि तकनीकों की जानकारी दी जा रही है। 12 मई तक किसान रथ की 10 टीमों द्वारा जिले के सभी विकासखंडों के 50 ग्रामों में पहुंचकर कुल 4520 कृषकों को जागरूक एवं प्रोत्साहित किया गया है। इस दौरान किसानों को शासन की कृषि योजनाओं, उन्नत बीजों के उपयोग, आधुनिक खेती की तकनीकों, फसल विविधीकरण, जैविक खेती, जल संरक्षण तथा संतुलित उर्वरक उपयोग के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। किसान रथ के माध्यम से किसानों को वैज्ञानिक पद्धति से खेती करने, लागत कम कर उत्पादन बढ़ाने तथा कृषि में नवीन तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

